# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

# Q. राजस्थान में संचालित किस पोर्टल ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 में रजत पुरस्कार जीता।?

(A) जन सूचना पोर्टल
(B) ई-जागृति
(C) सुजस पोर्टल
(D) इनमें से कोई नही

ई-जागृति ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 में रजत पुरस्कार जीता

- ई-जागृति (e-Jagriti) उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा संचालित एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जहाँ राजस्थान के नागरिक घर बैठे ऑनलाइन उपभोक्ता शिकायतें दर्ज करा सकते हैं,
- डिजिटल परिवर्तन के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग द्वारा सरकारी प्रक्रिया पुनर्गठन की श्रेणी । के अंतर्गत 341 नामांकनों में से पुरस्कार प्राप्त हुआ
- ई-जागृति ने उपभोक्ता को न्याय प्रदान करने में बदलाव लाया; एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से 2 लाख से अधिक मामले निपटाए गए
- एआई-संचालित उपभोक्ता शिकायत प्लेटफॉर्म पर 90.75 प्रतिशत निपटान दर दर्ज की गई, वर्चुअल सुनवाई का विस्तार किया और भारत और विदेश में उपभोक्ताओं के लिए निर्बाध पहुंच सक्षम बनाई.

## Yesterday Revision

01. पीएम-कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने वाले 553 ऊर्जादाताओं के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता – 531 करोड़ रुपये मंजूर की गई।

02. हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने राजस्थान में 250 हेक्टेयर क्षेत्र में इकोलॉजिकल रेस्टोरेशन प्रोजेक्ट विकसित करने के लिए द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टीईआरआई) के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू किया है

03. प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और वैज्ञानिक अनुसंधान आधारित समाधान विकसित करने के लिए राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता (MoU) किया है।

04. राजधानी जयपुर में आयोजित मिस डेजर्ट राजस्थान 2026 के भव्य ग्रैंड फिनाले में पूनम कुमावत ने मिस डेजर्ट राजस्थान 2026 का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया।

05. विश्व योगासन चैम्पियनशिप में जयपुर की प्रीति जैमिनी ने रजत पदक जीता

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राजस्थान से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए

(B) राजस्थान से राज्यसभा की कुल 10 सीटें हैं, जिनमें पांच-पांच सीटें भाजपा और कांग्रेस के पास हैं।



**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं

(B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है

(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो और कांग्रेस के एक उम्मीदवार 11 जून को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।
- भाजपा की उम्मीदवार अलका गुर्जर और सतीश पूनिया के साथ कांग्रेस उम्मीदवार नीरज डांगी को राजस्थान विधानसभा में निर्वाचन अधिकारी ने आधिकारिक रूप से विजयी घोषित किया।
- राजस्थान से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव कराया जा रहा था, क्योंकि कांग्रेस सांसद नीरज डांगी तथा भाजपा सांसद राजेंद्र गहलोत और रवनीत सिंह का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है।
- राजस्थान से राज्यसभा की कुल 10 सीटें हैं, जिनमें पांच-पांच सीटें भाजपा और कांग्रेस के पास हैं।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) ) राजस्थान में आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) विस्तार को महत्वपूर्ण स्वीकृति मिली।

(2) प्रथम चरण में आरआरटीएस कॉरिडोर का निर्माण बहरोड़ तक किया जाएगा

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- दिल्ली-गुरुग्राम-रेवाड़ी-एसएनबी-बहरोड़ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर
- राजस्थान में आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) विस्तार को महत्वपूर्ण स्वीकृति मिली।(प्रथम चरण में आरआरटीएस कॉरिडोर का निर्माण बहरोड़ तक किया जाएगा।)
- परियोजना की लागत साझेदारी पर राजस्थान एवं हरियाणा सरकार के बीच सहमति बनी। ▪ बावल से राजस्थान सीमा तक के खंड की 50% परियोजना लागत हरियाणा सरकार वहन करेगी।

(रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर की कुल लंबाई लगभग 130 किलोमीटर होगी।)

- परियोजना के तहत कुल 19 स्टेशन विकसित किए जाएंगे।

राजस्थान में 3 स्टेशन प्रस्तावित शाहजहांपुर, नीमराना, बहरोड़

**03.नीति आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक में राजस्थान के विकास का व्यापक रोडमैप किसने प्रस्तुत किया?**

(A) दीया कुमारी

**(B) भजनलाल शर्मा**

(C) राज्यवर्धन राठौड़

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रपति भवन में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के विकास का व्यापक रोडमैप प्रस्तुत किया।
- 11 जून 2026 को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित की गई इस महत्वपूर्ण बैठक का मुख्य विषय (Theme) "2047 तक विकसित भारत के लिए समावेशी मानव विकास" था
- सरकार ने वर्ष 2029 तक राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान में प्रदेश की जीएसडीपी वृद्धि दर 10.24 प्रतिशत है,
- राज्य सरकार ने निवेश को बढ़ावा देने के लिए 35 से अधिक नई नीतियां लागू की हैं। प्रदेश में अब तक 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश संबंधी एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, जिनमें से 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान में 12 जून से 15 जुलाई तक ''शहरी सेवा शिविर-2026'' आयोजित किए जाएंगे।

(2) शहरी सेवा शिविर-2026'' का आयोजन राज्य के प्रत्येक नगरीय निकाय और विकास प्राधिकरण में अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान के शहरी क्षेत्रों में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से 12 जून से 15 जुलाई तक ''शहरी सेवा शिविर-2026'' आयोजित किए जाएंगे।
- इन शिविरों में पट्टे जारी करने, सड़कों और नालियों की मरम्मत तथा जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण सहित अनेक नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।
- अभियान के दौरान प्राप्त सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा
- शहरी सेवा शिविर-2026'' का आयोजन राज्य के प्रत्येक नगरीय निकाय और विकास प्राधिकरण में अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

**05. हाल ही में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-II सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किसने किया?**

(A) सीपी जोशी

(B) वासुदेव देवनानी

(C) भजनलाल शर्मा

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-II सम्मेलन का दूसरा संस्करण:-

✓ आयोजन:- 8-9 जून 2026 को

✓ स्थान:- हरियाणा विधानसभा चंडीगढ़

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 8 जून को इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- सम्मेलन का विषय:- "भविष्य की चुनौतियों से निपटने और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में जागरूक समाज और विधि निर्माता की भूमिका"
- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इस सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

जयपुर, बुधवार, 10 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-111

❶ **विश्व** पर्यावरण दिवस के अवसर पर कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान, जयपुर में मुख्यमंत्री द्वारा किस विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया?
(A) 'प्रकृति से प्रेरित' प्रदर्शनी
(B) 'हरियालो राजस्थान' प्रदर्शनी
(C) 'स्वच्छ एवं हरित प्रदेश' प्रदर्शनी
(D) 'जल ही जीवन' प्रदर्शनी

❷ **ग्रामीण** महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित 'लखपति दीदी योजना' में राज्य सरकार द्वारा ऋण सीमा को बढ़ाकर कितना कर दिया गया है?
(A) 1.00 लाख रुपये
(B) 1.25 लाख रुपये
(C) 1.50 लाख रुपये
(D) 2.00 लाख रुपये

❸ **2,500** करोड़ रुपये की लागत वाली 'अपर हाई लेवल कैनाल परियोजना' का संबंध राजस्थान के किस अंचल या जिले से है?
(A) मेवाड़ अंचल (उदयपुर)
(B) हाड़ौती अंचल (कोटा)
(C) मारवाड़ अंचल (जोधपुर)
(D) वागड़ अंचल (बांसवाड़ा)

❹ **'स्कूल**-शाला संवाद' डिजिटल नवाचार राजस्थान सरकार के किस पोर्टल का एक विशेष सेक्शन है?
(A) राजिका पोर्टल
(B) शाला दर्पण पोर्टल
(C) जन सूचना पोर्टल
(D) ई-शाला पोर्टल

❺ **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत जैसलमेर जिले की उपज कौन सी है?
(A) ईसबगोल (B) खजूर
(C) मेहन्दी (D) अनार

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

# पन्नाधाय बाल गोपाल योजना

**पन्नाधाय बाल गोपाल योजना**







**संदर्भ:** हाल ही में,योजना के क्रियान्वयन में पाई जानी वाली अनियमितता को लेकर मुख्यमंत्री जी द्वारा संज्ञान लिया गया,जिसमे अधिकारियो पर कड़ी कार्यवाही कर पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्धता दर्शायी गयी।

◇ **पन्नाधाय बाल गोपाल योजना के बारे में**

⊙**लॉन्च तिथि:** **29 नवंबर,2022**

⊙**नोडल विभाग:** स्कूली शिक्षा विभाग

⊙**अधिसूचना:** 04 जुलाई,2024 (नाम परिवर्तन)(पूर्व नाम: मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना)

⊙**उद्देश्य:** राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के **पोषण स्तर में सुधार** करना और **स्कूल में उपस्थिति बढ़ाना**।

⊙**प्रावधान:** बच्चों (कक्षा 01-08 तक) को स्कूलों में वर्किंग डे यानी **सप्ताह में 06 दिन** पोषण के लिए दूध उपलब्ध करवाया जाता है।

- **कक्षा 01-05** ➡️ 15 ग्राम दूध पाउडर 150 मिली दूध,8.4 ग्राम चीनी एवं
- **कक्षा 06-08** ➡️ 20 ग्राम दूध पाउडर, 200 मिली दूध,10.2 ग्राम चीनी)
- दूध गर्म: ₹1500 प्रतिमाह ।

⊙**दुग्ध पाउडर:** **राजस्थान सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड** (RCDF) द्वारा (स्थापना:1977)

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में विश्व योगासन चैंम्पियनशिप में जयपुर की प्रीति जैमिनी ने कौनसा पदक जीता है?**

(A) स्वर्ण पदक

(B) रजत पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine